तापमान

अधिकतम 37.1 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार 15 अप्रैल 2026



12 बैसाखी उत्सवः रंग, संस्कृति व ज्ञान का मनमोहक संगम के साथ छात्रों ने दी प्रस्तुतियां





12 सरकारी स्कूलों में दाखिले के लिए घर-घर प्रचार कर वापिस लौटा दाखिला...




## खबर संक्षेप

### 16 को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जिलास्तर पर देंगी धरना

**कुरुक्षेत्र।** आंगनबाड़ी वर्कर्स एंड हैल्पर यूनियन ने सरकार की नीतियों और लंबित भुगतान से परेशान होकर 16 अप्रैल को जिलास्तर पर एक दिवसीय धरना देने का निर्णय लिया है। यूनियन प्रतिनिधि अपनी मांगों को लेकर डी.सी. को ज्ञापन सौंपेगी। यूनियन की जिला प्रधान परमजीत कौर के अनुसार आंगनबाड़ी वर्कर एंड हैल्पर का 9-9 महीने से केंद्र का मानदेय बकाया है। 31 मार्च तक आने की पूरी उम्मीद थी, लेकिन अभी तक भी नहीं आया। कई महीनो से भवनों का किराया, सिलैंडर खर्च भी बकाया है। वर्कर और हैल्पर के लिए घर का खर्चा करना बहुत मुश्किल हो गया है।

### लोकसभा में नारी शक्ति वंदन पदयात्रा 16 को

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय गीता कमल में नारी शक्ति वंदन को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला टीम से महिला नेत्री जिला उपाध्यक्ष अनु माल्यान, प्रदेश महिला मोर्चा सचिव रेखा बाल्मीकि, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष वंदना गौरी, विजय लक्ष्मी, परमजीत कश्यप, रेणु खुग्गर, ज्योति खनगवाल आदि ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 भारतीय लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक परिवर्तन का प्रतीक है, जो महिलाओं को नीति की लाभार्थी से नीति की निमार्ता बनने की दिशा मे सशक्त करेगा।

### सूने घर से लाखों रुपये के आभूषण चोरी

**यमुनानगर।** गांव चाहड़वाला में सूने घर से 12 हजार रुपए की नकदी तथा सोने व चांदी के लाखों रुपये के आभूषण चोरी हो गए। पीड़ित परिवार ने गांव के ही जसविंदर सिंह पर घर से नकदी व गहने चोरी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव चाहड़वाला निवासी सत्या देवी ने साढ़ौरा पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 13 अप्रैल को दोपहर दो बजे वह किसी काम से घर का ताला लगाकर बाहर गई थी।

### रात को करियाना दुकान को बनाया निशाना

**यमुनानगर।** गांव पंजेटो में चोरों ने बीती रात करियाने की दुकान को निशाना बनाकर तीन लाख की नकदी और सामान चोरी कर लिया। आरोपी चोर ऑटो में सवार होकर आए थे। यह घटना गांव में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने दुकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार छछरौली निवासी ईशान गुलाटी ने बताया कि वह पिछले करीब 25 साल से पंजेटो गांव में अपनी किराना दुकान चला रहे हैं।

## सेल्फी प्वाइंट्स पगड़ी बंधाओ, फोटो खिंचाओ इवेंट ने पर्यटकों को खूब लुभाया

### नागाओं ने निकाला शाही नागा जुलूस में सैंकड़ों साधु रहे मोजूद

# विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी ने हरियाणवी लोक सांस्कृतिक के माध्यम से छोड़ी अनोखी छाप

**चारपाई पर बैठे बुजुर्ग और हुक्के के साथ सबसे ज्यादा सेल्फी ली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर पर आयोजित बैसाखी महोत्सव 2026 के हरियाणा पैवेलियन में विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी सभी पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनी। दो दिन तक चली इस प्रदर्शनी का अवलोकन हजारों पर्यटकों ने किया। विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी हरियाणवी लोक सांस्कृतिक विरासत के माध्यम से अपनी अलग छाप छोड़ रही है। यह जानकारी विरासत दि हेरिटेज विलेज कुरुक्षेत्र के संयोजक अभिनव ने दी। उन्होंने बताया कि यहां पर बनाए गए सेल्फी प्वाइंट्स पगड़ी बंधाओ, फोटो खिंचाओ इवेंट ने पर्यटकों को अपनी ओर सबसे ज्यादा आकर्षित किया। यहां पर दिखाये गये चारपाई पर बैठे बुजुर्ग और हुक्के के साथ सबसे ज्यादा सेल्फी ली गई इसके साथ ही हरियाणा की चक्की, 100 साल पुरानी बैलगाड़ी, पहियों के साथ भी पर्यटकों ने फोटो खींचकर कैमरे में कैद किये।

अभिनव ने बताया कि यहां पर खेतीबाड़ी के औजार जेली और टांगली, अनाज बीजणे के लिए प्रयोग किए जाने वाल ओरणे, ऊंट पर बैठने के लिय प्रयोग की जाने वाली कूच्ची व कूंऐ से पानी निकालने के लिए प्रयोग किए जाने वाले डोल भी पर्यटकों को अपनी ओर लुभाते रहे। यहां पर हरियाणा के लोक परिधान के प्रतीक के रूप में हरियाणवी दाम्मण, चुनरी, खारा, घागरा, इंडी व बीजणे सभी को प्रदर्शित किया गया है। इतना ही नहीं यहां पर हरियाणवी लोक परंपरा में प्रयोग किए जाने वाले असंख्य पुराने बर्तनों ने पर्यटकों को खूब लुभाया। इसके साथ ही यहां पर कुएं में सामान निकालने के लिए प्रयोग किए जाने वाले कांटे एवं बिलाई भी लोगों को खूब पसंद आए। इसके साथ ही विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी में हरियाणा की लोककलात्मक विषय-वस्तुओं पीढ़ा-चारपाई, चरखा, रेज्जा रंगने के ब्लॉक, कुम्हार द्वारा चाक पर बनाये गए बर्तन, पुराने तालों को जिस तरीके से सहेजा गया है वह भी पर्यटकों को अपनी ओर फोटो खींचने के लिए आकर्षित कर रहे हैं।

विरासत के संयोजक अभिनव ने बताया कि दरी बनाने की परंपरा, हरियाणा की बुणाई कला, फुलझड़ी कला, हरियाणवी गुड्डे-गुडिया भी पर्यटकों को खूब भाई। इसके साथ ही मुढ़ा बनाने की परंपरा को भी इस लोक सांस्कृतिक विरासत के माध्यम से हरियाणा की संस्कृति का खूब प्रचार-प्रसार हुआ। हरियाणा के पर्यटन एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित की गई इस प्रदर्शनी के लिए विरासत की ओर से हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी एवं कुरुक्षेत्र के जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा (आईएएस), अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य तथा लोक संपर्क विभाग के डीपीआरओ डॉ. नरेन्द्र सिंह का आभार व्यक्त किया।



कुरुक्षेत्र। चरखा से धागे की बुनाई करती अम्मा।



कुरुक्षेत्र। हाथ की चक्की से गेहूं की पिसाई करती महिला।



कुरुक्षेत्र। साइकिल चलाकर मशीन से चाकू की धार बनाता कारीगर।

### सौ साल पुरानी बैलडी के साथ पर्यटकों ने खिंचवाए फोटो

बैसाखी मेले पर आयोजित की विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी में 100 साल पुरानी बैलडी पर्यटकों की पहली पसंद बनी हुई। परिवहन के साधनों में बैलडी अत्यंत प्राचीन है। इसके अंदर दो पारंपरिक पहिये लकड़ी से बने हुए हैं। साईडों में लगे हुए बांक बैलडी की शोभा को बढ़ा रहे हैं। बैलड़ी में आगे दो बैल जोतने की परंपरा रही है। वर्तमान में यह बैलड़ी सैल्फी के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। गांव के बुजुर्गों के लिए यह अत्यन्त रूचिकर साबित हो रही है। गांव के अनेक लोग बैलड़ी पर फोटो खिंचवाकर अतीत की यादें ताजा कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि लोकजीवन में बैलड़ी की परंपरा एवं प्रचलन अब बंद हो चुका है। इसीलिए बैसाखी के मेले में 100 साल पुरानी बैलड़ी आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है।

### 100 साल से अधिक पुराने ताले बता रहे हैं इतिहास

विरासत सांस्कृतिक प्रदर्शनी में 100 साल से अधिक पुराने ताले जहां एक ओर अपनी विविधता को दर्शा रहे हैं वहीं पर दूसरी ओर अपने सांस्कृतिक इतिहास को भी बता रहे हैं। सिकलीगर जाती के लोगों का इतिहास ताले बनाने का रहा है। विरासत प्रदर्शनी में अनेक प्रकार के ताले जिनमें कमानी वाले ताले, अलीगढ़ी ताले, मुगली ताले जिनका संबंध मुगल काल से है, न्यौल ताले, हथकड़ी ताले सभी अपनी विविधता के चलते पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। यहां पर सिकलीगर कैंची को राहते हुए भी लोगों का अपनी ओर ध्यान खींच रहा है।

## जिले भर में धूमधाम से मनाया बैसाखी पर्व

**यमुनानगर।** जिले भर में मंगलवार को बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने कपालमोचन तीर्थ सरोवरों, यमुना नदी, सरस्वती कुंड समेत अन्य पवित्र सरोवरों में स्नान किया। वहीं, टाहली वाले मंदिर से शाही नागा जुलूस निकाला गया। नागाओं ने मंदिर परिसर में बने पवित्र सरोवर में शाही स्नान किया। जिसमें मंदिर के महंत के सानिध्य में शाही सवारी निकाली गई। उधर, शहर के यमुना घाट पर मेले का आयोजन किया गया। मंगलवार को बैसाखी पर्व पर कपालमोचन तीर्थ सरोवर समेत जिले के विभिन्न तीर्थ सरोवरों व यमुना नदी के घाटों पर श्रद्धालुओं ने पहुंचकर स्नान किया। वहीं, महार्षि वेद व्यास की तपोस्थली व्यासपुर में बैसाखी पर्व पर श्री कटास राज गुरू गद्दी टाहली वाला मंदिर में मेला वैसाखी पर्व श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। कटास राज गददी टाहली वाला मंदिर के सेवकों,स्थानीय श्रद्धालुओं व बाहरी श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा महंत गुलशन गिरी जी महाराज की अगुवाई में बैंड बाजों के साथ टाहलीवाला मंदिर से शुरू हुई जो शिव चौक, छछरौली मोड, छोटा बस स्टैड़, पहाडी बजार, मेन बजार से होते हुए टाहलीवाला मंदिर मे संपन्न हुई। शोभा यात्रा में हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल, उतराखंड सहित अन्य प्रदेशों से विभिन्न संप्रदायों के नागा साधुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा मे गुलशन गिरि जी महाराज घोडा बग्गी पर सवार होकर शोभायात्रा की शान बने हुए थे। शोभायात्रा मे नागा साधु बैड़ बाजों के साथ साथ नाचते गाते मस्ती मे झुमते हुए चल रहे थे। उनके पीछे महिला एवं पुरूष श्रद्धालु भजन गाते हुए शोभा यात्रा की शान बने हुए थे। टाहलीवाला मंदिर में पहुंचकर नागा साधुओं ने परंपरा के अनुसार शाही स्नान किया। मान्यता है कि पजांबी और हिंदु घर्म के लोग इस दिन पवित्र सरोवर में स्नान कर पूजा अर्चना करते हैं। शोभायात्रा में मुख्य रूप से मुकेश बक्सी, प्रधान बृजेश बक्सी, राजेश बिंद्रा,महंत श्याम गिरी आदि मौजूद रहे। मंदिर में बने पवित्र सरोवर पहुंचने पर सर्वप्रथम शाही नागा स्नान हुआ उसके बाद महंत गिरी ने श्रद्धालुओं को आर्शीवाद व प्रसाद दिया। गुरू के दर्शनों के लिए लोगों का तांता लगा रहा। सारा वातावरण कटासराज व गुरू के जयकारों से गुंज उठा। इसके पश्चात मंदिर के प्रांगण में बने सरोवर में नागा साधु संतों ने शाही स्नान किया।





यमुनानगर। बैसाखी पर यमुना के घाट पर स्नान करते श्रद्धालु व शोभायात्रा में भाग लेते नागा साधु।

### यमुना नदी समेत पवित्र सरोवरों में किया स्नान

बैसाखी पर्व के मौके पर यमुना नदी के विभिन्न घाटों, पवित्र सरोवरों व शहर के नजदीक स्थित पश्चिमी यमुना नहर पर बने यमुना घाट, सरस्वती नगर स्थित सरस्वती नदी घाट पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर पूण्य कमाया। इस दौरान मेलों का आयोजन भी किया गया।

## बिहार से दिल्ली होते हुए पहुंचे नशा तस्कर पति-पत्नी पकड़े, दो किलो गांजा बरामद

- नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस कर रही है कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पुलिस को उस समय एक बड़ी सफलता हाथ लगी जब एएनसी स्टाफ की टीम ने सूचना तंत्र की मुस्तैदी से अंबाला छावनी के रेलवे माल गोदाम के पास से नशा तस्करी के आरोप में एक दंपति को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 2 किलो गांजा बरामद किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुटान मंडल निवासी रूपाली सिमरा, जिला पूर्णिया, बिहार व और उसकी पत्नी के रूप में हुई है। शुरूआती पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बिहार से दिल्ली तक ट्रेन के जरिए पहुंचे थे। पुलिस की चेकिंग और गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने दिल्ली से अंबाला तक का सफर बस द्वारा तय किया। पुलिस ने सूचना के आधार पर अंबाला छावनी बस स्टैंड नजदीक रेलवे माल गोदाम के समीप घेराबंदी कर दोनों को काबू किया गया था। तलाशी लेने पर उनके पास से 2 किलो गांजा बरामद हुआ। थाना पड़ाव में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने जनता से अपील करते कहा कि यदि उनके आसपास कोई भी व्यक्ति नशा बेचने या तस्करी करने का काम करता है तो इसकी सूचना तुरंत दें। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम और पता पूरी तरह गुप्त रखा जाएगा।



अंबाला। गांजा तस्करी में पकड़ा गया दंपति।

### युवती ने चार लोगों पर जाति सूचक शब्द बोलने व मारपीट का लगाया आरोप

**यमुनानगर।** गांव तेलीपुरा निवासी आशा ने परिवार के चार लोगों पर उसे जाति सूचक शब्द बोलने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव तेलीपुरा निवासी आशा ने बूडिया थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 अप्रैल को रात 10 बजे वह अपने घर पर मौजूद थी। इस दौरान उनके गांव के ही सचिन, उसका भाई नितिन, अंकिता व आर्यन उनके घर पर आए। आरोपियों ने आते ही उसे जाति सूचक शब्द कहने शुरू कर दिए। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए।

## उठान की सुस्त रफ्तार ने बढ़ाई चिंता

- गेहूं खरीद के बीच बदइंतजामी व लापरवाही आई सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

जिले की अनाज मंडियों में गेहूं खरीद के बीच बदइंतजामी और लापरवाही खुलकर सामने आ रही है। उठान की सुस्त रफ्तार ने किसानों और आढ़तियों की चिंता बढ़ा दी है। हालात इतने खराब हैं कि खरीद के मुकाबले गेहूं उठान का आंकड़ा महज 20 प्रतिशत तक सिमट कर रह गया है, जबकि फसल की आवक के हिसाब से यह आंकड़ा करीब 10 फीसदी ही बैठता है। इसी गंभीर स्थिति को लेकर नवनियुक्त उपायुक्त करनाल आनंद शर्मा खुद मैदान में उतरे और घरौंडा समेत विभिन्न अनाज मंडियों का दौरा कर हकीकत का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आढ़तियों ने खुलकर नाराजगी जाहिर की और हरियाणा वेयर हाउस पर लापरवाही के आरोप लगाए। उनका कहना था कि वेयर हाउस के अधिकारी खरीद और उठान दोनों में सुस्ती बरत रहे हैं, जिससे मंडियों में गेहूं के ढेर लगते जा रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीसी ने मौके पर ही वेयर हाउस मैनेजर से जवाब तलब किया और कड़ी फटकार लगाते हुए खरीद प्रक्रिया को तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही मार्केट कमेटी और खरीद एजेंसियों को साफ चेतावनी दी गई कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीसी ने माना कि बीते दिनों में प्रबंधन स्तर पर खामियां रही हैं, लेकिन अब उन्हें दूर करने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। सबसे बड़ी लापरवाही खाद्य आपूर्ति विभाग की सामने आई है, जो अब तक गेहूं उठान के लिए ट्रांसपोर्टर तक तय नहीं कर पाया। यही कारण है कि मंडियों में उठान का काम ठप पड़ा है। उठान को लेकर एमएलसी या एमटीसी के जिम्मे काम देने को लेकर भी असमंजस बना हुआ था, लेकिन डीसी ने स्पष्ट किया कि डीएफएससी स्तर पर निर्णय ले लिया गया है और जल्द ही उठान प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। फिलहाल, मंडियों में पसरी अव्यवस्था ने सिस्टम की पोल खोल दी है।



## डंपर की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत



इंद्री। घटनास्थल पर जांच करती पुलिस ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

इंद्री के भादसों चौंक के पास सिरसा नहर के पुल पर डंपर की चपेट मे आने से एक बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई । घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम व इंद्री पुलिस मौके पर पहुंची और शव कों कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल भेज कर घटना की जांच शुरू कर दी । मृतक की पहचान गांव उमरी निवासी रणबीर के रूप मे हुई है । डंपर चालक मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार उमरी निवासी रणबीर इंद्री किसी काम से आ रहा था जब वो भादसों चौंक के पास पहुंचा तो डंपर की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जांच अधिकारी राजा राम ने बताया कि मृतक का नाम रणबीर है जोकि उमरी से इंद्री की ओर आ रहा था।

### जमीन बेचने के नाम पर लाखों की ठगी, दो पर किया केस दर्ज

**अंबाला।** जमीन बेचने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने और फिर दूसरे पक्ष के साथ मिलकर साठगांठ करने का मामला सामने आया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश और आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद महिला सहित दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। खोजकीपुर के इंद्रजीत सिंह और राकेश मैहल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने लुधियाना की जसवीर कौर के साथ जटवाड़ गांव में स्थित 21 कनाल जमीन का सौदा किया था। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, उन्होंने जसवीर कौर को पूरी रकम दे दी थी। इसके बदले में जसवीर कौर ने उनके हक में मुख्तारनामा भी लिखकर दिया था। शिकायत के अनुसार उसी जमीन पर जटवाड़ के सुखविंदर सिंह ने भी अपना दावा ठोक रखा था। मामला कोर्ट में लंबित था।

## नगर निगम के मेयर कार्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर कार्यक्रम

### मेयर सुमन बहमनी ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदमः बहमनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करने को लेकर मेयर कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में मेयर सुमन बहमनी ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आनंद मौजूद रही।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने से अब महिलाएं अधिक सशक्त होंगी। उन्होंने बताया कि नाहीर शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर बुधवार को नगर में स्कूली रैली निकालकर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में महिलाओं के लिए यह अधिनियम पारित किया गया है। यह अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने एवं राजनीति में उनकी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त बनाएगा और समाज में उनकी भागीदारी को और अधिक मजबूत करेगा।



यमुनानगर। मेयर कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए वक्ता।

### नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है

वंदन अधिनियम देश की महिलाओं के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मौके पर भाजपा नेत्री रोजी मलिक आनंद ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को नई दिशा देगा। भाजपा हमेशा से महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रही है और यह कदम उसी संकल्प का प्रमाण है। भाजपा नेत्री मनीषा ने कहा कि नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है। इसी विचार के साथ भाजपा संगठन महिला सशक्तिकरण के इस मिशन को मजबूती से आगे बढ़ा रहा है।

खबर संक्षेप



## टूटे मीटर की नहीं हो रही मरम्मत

रादौर। कस्बा में बिजली निगम द्वारा खंभों पर लगाए गए मीटर बॉक्स की हालत खस्ता हो चुकी है। कहीं कहीं पर तो ये मीटर बाक्स टूट कर मीटर खंभों पर लटक गए हैं। जो कभी भी हादसे का कारण बन सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि गलियों में उनके बच्चे खेलते रहते हैं। लटकते मीटरों के कारण कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है। स्थानीय लोग कई बार निगम के अधिकारियों से बिजली मीटर बॉक्स ठीक किए जाने की मांग कर चुके हैं, परंतु बिजली निगम के अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। उनका आरोप है कि विभाग कोई बड़ा हादसा होने के इंतजार में है तभी यहां ये बाक्स ठीक किए जाएंगे। समाजसेवी राजू गुप्ता ने बताया कि शहर की हर गली में बिजली निगम की ओर से खंभों पर बिजली के मीटर निकाले गए है। परंतु बिजली के मीटर के बॉक्स टूटने से बिजली के मीटर खुले में आ जाने से लोगों की जान के साथ खेला जा रहा है। बिजली निगम के अधिकारियों व भाजपा नेता को भी समस्या से अवगत करवाया गया था। परंतु समस्या का आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। इसी को लेकर स्थानीय लोगों में रोष है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द शहर में टूटे पड़े मीटर बॉक्स को बदला जाये।

## नौनिहालों को मिले बैठने के लिए डेस्क : संदीप

रादौर। सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी ने क्षेत्र की मांगों को चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले। संदीप सैनी ने मुख्यमंत्री से मिलकर क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में पढने वाले छोटे बच्चों के बैठने के लिए बैंच उपलब्ध कराने का मांग रखी। प्रधान संदीप सैनी ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि प्रदेश के अधिकतर सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा पहली से पांचवीं तक के बच्चे आज भी जमीन पर टाट-पट्टी बिछाकर पढने को मजबूर हैं। प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी के बच्चों तक को डेस्क पर बैठाया जाता है। सरकारी स्कूल के बच्चों को यह सुविधा क्यों नहीं। सैनी ने रादौर क्षेत्र का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां के कई स्कूलों में फर्नीचर की भारी कमी है। छोटे बच्चों के लिए उम्र और कद के हिसाब से बने डेस्क-बेंच न होने से उनकी पीठ और रीढ़ की हड्डी पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बैठने के अधिकार के तहत प्राथमिक कक्षाओं के लिए विशेष बजट जारी करें, ताकि कोई भी बच्चा जमीन पर न बैठे। प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी खुद शिक्षा को लेकर संवेदनशील हैं और समान शिक्षा, सम्मान शिक्षा के पक्षधर रहे हैं। सैनी समाज हमेशा से शिक्षा के प्रचार-प्रसार में अग्रणी रहा है। महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले के आदर्शों पर चलते हुए समाज चाहता है कि हर बच्चा सम्मान के साथ पढ़े। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस मांग को गंभीरता से लिया।

### बाबा साहेब ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति को देश की मुख्यधारा में लाने का किया काम : त्यागी

# डॉ. भीमराव आंबेडकर जाति और धर्म के बंधन से ऊपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

आम आदमी पार्टी ने भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की 136वीं जयंती के अवसर पर मंगलवार को शहर के वार्ड नंबर 11 में कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में आप के यमुनानगर विधानसभा सीट पर प्रत्याशी रहे एवं वरिष्ठ नेता ललित त्यागी ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर किसी जाति अथवा धर्म के नहीं हैं वह सभी धर्मों के महापुरुष हैं।

मुख्यातिथि एवं आप के वरिष्ठ नेता ललित त्यागी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान में सभी वर्गों , समुदायों और नागरिकों को समानता के अधिकार दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवा वर्ग को डॉ. भीम राव अंबेडकर के जीवन चरित्र को पढ़ना चाहिए। बाबा साहेब ने कैसे एक साधारण परिवार में जन्म लेकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए भारतीय संविधान का निर्माण किया और लोगों को नई दिशा दी। उन्होंन कैसे समाज के सबसे वंचित लोगों को संविधान की मुख्य धारा में लाकर उनके जीवन को ऊपर उठाने का कार्य किया। त्यागी ने कहा आज देश का जो हाल है वो सबके सामने है। भाजपा द्वारा देश को जातियों व धर्मों में बांटने का काम किया जा रहा है। यही नहीं भाजपा द्वारा ऐसा करके देश के युवा वर्ग को भ्रमित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश में आराजकता का माहौल है।



यमुनानगर। आप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते ललित त्यागी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## आंबेडकर के बताए मार्ग पर चलना जरूरी

रादौर। डॉ भीमराव अंबेडकर नगर रादौर के वार्ड नंबर 13 में मंगलवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म दिवस मनाया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को याद कर उन्हें नमन किया। मौके पर खीर का प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर पार्षद ऋषिपाल नंबरदार ने कहा कि हमें बाबासाहेब के जीवन से सीख लेनी चाहिए। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर दलितों, वंचितों के सम्मान के लिए अपना जीवन लगाना चाहिए। हर जरूरतमंद की सहायता के लिए समाज को एकजुट होना चाहिए। इस अवसर पर भगत मदन दास, हरनेक, सत्यजीत, धर्मवीर, बलवंत, हरविंदर, विक्रम, राजपाल, दीपक, सिद्धार्थ, अनुज, मनीष, पवन आदि मौजूद रहे।

## बाबा साहेब ने संविधान में कमजोर वर्ग के अधिकार किए सुरक्षित : बुबका



रादौर। गांव ठसका में डॉ. भीमराव आंबेडकर को नमन करते उमेश बुबका व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

कस्बा के गांव ठसका में मंगलवार को संविधान निर्माता, सामाजिक न्याय व समानता के महान प्रवर्तक डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में में युवा कांग्रेसी नेता उमेश बुबका मुख्य रूप से मौजूद रहे। उमेश बुबका के नेतृत्व में ग्रामीणों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उमेश बुबका ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश के लिए संविधान निर्माण करने का असंभव कार्य किया। उन्होंने संविधान में सभी के अधिकारों को संविधान में निहित किया। इस अवसर पर नायब सिंह, शिव चरण नम्बरदार, संजीव, साहब सिंह आदि मौजूद रहे।

## डॉ. भीमराव ने वंचितों को हक दिलाया : पलाका

रादौर। कस्बा रादौर की औड कॉलोनी में मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व पार्षद राजीव आर्य सन्नी द्वारा किया गया। उनके साथ स्थानीय लोगों ने डॉ. बीआर अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर ईश्वर सिंह पलाका व पार्षद राजीव आर्य सन्नी ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान का निर्माण कर वंचितों को उनका हक दिलाने का काम किया। हमें उनके दिलाए सम्मान को बरकरार रखने के लिए समाज को एकता के सूत्र में पिरोये रखना होगा। मौके पर पूर्व विधायक ईश्वर सिंह पलाका, राजीव आर्य सन्नीए प्रवीन कुमार, सुंदर लाल, ज्ञानी राम, लछमन दास, राहुल, हर्ष आदि मौजूद रहे।

### रेलवे रोड व वर्कशॉप रोड पर चला अभियान, दोबारा गलती पर होगा चालान

# रेहड़ी वालों ने सड़क पर कर रखा था कब्जा, नगर निगम उठा ले गया सामान

■ रेहड़ी व फड़ी विक्रेताओं को स्ट्रीट वेंडिंग जोन में शिफ्ट होने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी की टीम ने मंगलवार को शहर के रेलवे रोड पर शहीद भगत सिंह चौक से लेकर रेलवे स्टेशन तक और वर्कशॉप रोड पर शहीद भगत सिंह चौक से महाराणा प्रताप चौक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर रखा दुकानदारों का सामान व रेहड़ी और फडी वालों का सामान भी जब्त कर लिया। हालांकि निगम की टीम को देखकर कुछ दुकानदारों ने पहले ही अपना सामान उठाकर दुकान के अंदर रख लिया था। इस दौरान निगम की टीम ने रेहड़ी व फड़ी विक्रेताओं को स्ट्रीट वेंडिंग जोन में शिफ्ट होने के निर्देश दिए।



यमुनानगर। अतिक्रमण हटवाती निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद के आदेशानुसार मंगलवार को सफाई निरीक्षक सुशील शर्मा, सफाई निरीक्षक प्रदीप दहिया व अन्य कर्मियों की टीम ने रेलवे रोड पर भगत सिंह चौक से लेकर रेलवे स्टेशन चौक तक दोनों तरफ अतिक्रमण हटाया। दुकानदारों, रेहड़ी, फड़ी वालों ने आधी सड़क तक सामान रखा हुआ था। जाम व आमजन को होने वाली परेशानी के मद्देनजर निगम की ओर से अतिक्रमण अभियान चलाया गया। रेलवे रोड पर जैसे ही निगम की टीम ने अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। टीम ने सड़क पर रखे सामान को उठाकर निगम की ट्राली व वाहन लोड किया। इसके बाद निगम की टीम ने जगाधरी वर्कशॉप रोड पर शहीद भगत सिंह चौक से महाराणा प्रताप चौक तक सड़क से अतिक्रमण हटाया।

### अतिक्रमण से आपातकालीन सेवाएं होती हैं बाधित

अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने कहा कि शहर की सड़कों पर कुछ दुकानदारों व स्ट्रीट वेंडर्स ने सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ है। इससे सड़कों पर जाम लगता है और आमजन को परेशानी होती है। सड़क पर जाम लगने से कई बार आपातकालीन सेवाएं जैसे एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड की सेवाएं प्रभावित होती है। इसलिए सभी दुकानदारों से अपील है कि वे सड़क पर सामान न रखकर दुकान के अंदर रखें। स्ट्रीट वेंडर्स भी वेंडिंग जोन में अपनी रेहड़ी व फड़ी लगाकर अपना व्यवसाय करें। ताकि आमजन को सड़क से निकलने में कोई परेशानी न हो।



यमुनानगर। व्यासपुर में प्रतिष्ठानों में गैस सिलेंडरों की जांच करती टीम।

## गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग की जांच के लिए टीम गठित

■ घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

जिले मे गैस की किल्लत को देखते हुए समय समय पर प्रशासन द्वारा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में छापेमारी की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को भी उपायुक्त प्रीति के आदेशानुसार एवं एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल के मार्गदर्शन में टीम का गठन किया गया। विशेष जांच टीम द्वारा व्यासपुर उपमंडल क्षेत्र में विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर गैस सिलेंडरों के उपयोग की जांच की गई। इस अभियान का उद्देश्य घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग को रोकना तथा सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना था। जांच टीम की अध्यक्षता नायब तहसीलदार व्यासपुर रविंद्र कुमार ने की। उनके साथ खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक राजीव सैनी भी मौजूद रहे।

जांच टीम ने उपमंडल के विभिन्न स्थानों पर स्थित ढाबों, रेहड़ी-फड़ी संचालकों, होटलों एवं मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी स्थानों पर मुख्य रूप से कोयला, लकड़ी, डीजल भट्टी एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का उपयोग किया जा रहा था। टीम ने निर्देश दिए कि वे भविष्य में भी केवल व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का ही उपयोग करें।

# सीमित संसाधनों में बच्चों की शिक्षा को बना सकते हैं रोचक

■ पोषण पखवाड़ा के तहत रादौर में आयोजित हुआ दीया टायज कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

पोषण पखवाड़ा के तहत रादौर में दीया टायज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीपीओ कुसुम लता ने किया। इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी वर्कर्स ने भाग लिया।

सीडीपीओ कुसुम लता ने बताया कि डीपीओ मीक्षा रंगा के निदेशानुसार दीया टायज कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसका मुख्य उदेश्य वेस्ट मटेरियल से खिलौने बनाकर बच्चों के समग्र विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आंगनवाड़ी वर्कर्स ने चार्ट पेपर, पुराने डिब्बों, बोतलों व अन्य उपयोग किए गए सामानों से आकर्षक एवं शैक्षणिक खिलौने तैयार किए। इस पहल का उद्देश्य यह संदेश देना था कि सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों की शिक्षा को रोचक व रचनात्मक बनाया जा सकता है। सभी ने मिलकर पोषण पखवाड़ा के महत्व पर चर्चा की और संतुलित आहार, स्वच्छता तथा बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि माता पिता और समुदाय के सदस्य पोषण से संबंधित संदेशों को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं। इस अवसर पर सुपरवाइजरÞ वंदना, ललतेश, बिमलेश, मीना, रितु, शिवानी व रॉकेट लर्निंग संस्थान के जिला समन्वयक बलिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। रादौर में आयोजित कार्यक्रम में चार्ट पेपर पर आकर्षक खिलौने बनाते हुए आंगनबाड़ी वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म का प्रयास

यमुनानगर। थाना बूडिया क्षेत्र में एक युवक ने नाबालिग छात्रा के घर में घुसकर दुष्कर्म की कोशिश की। परिजनों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बूडिया थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने बताया कि वह एक मजदूर है और उसकी चार बेटियां हैं। उसकी बड़ी बेटी 10वीं की छात्रा है। गांव का ही युवक दो वर्षों से शादी का झांसा देकर उसकी बेटी से गलत काम करता रहा। उसके परिवार वालों को इस बारे में सूचित किया था, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। उसने बताया कि सोमवार सुबह करीब 10 बजे वह और उसकी पत्नी गेहूं काटने के लिए खेत में गए हुए थे और उनकी बेटी घर पर अकेली थी। जब वे वापस लौटे, तो उन्होंने देखा कि युवक उनके घर में घुसकर उनकी बेटी के साथ जबरदस्ती कर रहा था। इस पर उन्होंने तुरंत उसे पकड़ लिया और डायल 112 पर कॉल की।

# जरूरतमंद परिवारों के 17 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभा रही रोटरी क्लब यमुनानगर के तत्वावधान में मंगलवार को शहर के पैलेस में दसवें सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। विवाह समारोह में जरुरतमंद परिवारों के 17 जोड़ों का विधिवत विवाह संपन्न करवाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व क्लब के सदस्यों समेत अन्य गणमान्य ने भाग लेकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

मुख्यातिथि एवं यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने नवविवाहित जोड़ों के सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने रोटरी क्लब यमुनानगर के पदाधिकारियों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मौके पर समारोह के प्रोजेक्ट चेयरमैन संजय मल्होत्रा ने बताया कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज के कमजोर वर्ग के लिए एक बड़ी राहत साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से न केवल आर्थिक बोझ कम होता है। बल्कि समाज में समानता की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने पहल को जारी रखने की प्रतिबद्धता भी जताई। क्लब के अध्यक्ष ईश आनंद ने कहा कि सभी जोड़े वंचित वर्ग से संबंधित हैं और क्लब आयोजन को पारिवारिक समारोह की तरह करता है। सचिव विभोर पाहुजा ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। वहीं, क्लब के कोषाध्यक्ष आशीष लूथरा ने बताया कि इस सामूहिक विवाह समारोह पर लगभग 23 लाख रुपये का खर्च आया।



यमुनानगर। रोटरी क्लब द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में विवाह बंधन में बंधे जोड़ों को आर्शीवाद देते हुए गणमान्य। फोटो : हरिभूमि

# पासी समाज की नई कार्यकारिणी गठित, मास्टर सोमनाथ नए प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

पासी समाज सभा के सदस्यों की रादौर स्थित पासी धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सभा के संस्थापक रोशन लाल पासी ने की। मौके पर सभा की रादौर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में सभा के शीशपाल व अनिल कुमार मौजूद रहे।

सभा के संस्थापक रोशन लाल पासी ने बताया कि में बैठक में मास्टर सोमनाथ पासी रादौर को प्रधान नियुक्त किया गया। नानक चंद पासी पोटली व रोशन लाल पासी सांगीपुर को उप प्रधान बनाया गया। वहीं, मंगतराम पासी को महासचिव, अनिल कुमार पासी को सचिव, कर्मवीर पासी को कोषाध्यक्ष, अमित पासी धौलरा को संगठन सचिव, रमेश पासी पोटली को ऑडिटर, राहुल पासी को प्रेस सचिव, रामधारी पासी को सलाहकार बनाया गया है। जबकि राजेश कुमार पासी, रजत पासी, सुखराम पासी, प्रदीप पासी, मनजीत पासी, जागन पासी व राकेश कुमार पासी को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।



रादौर। नवनियुक्त पदाधकारियों को सम्मानित करते सभा के पदाधिकारी।

### उपायुक्त ने जिले के किसानों से किया आह्वान

# फसल अवशेष न जलाएं, उसे मिट्टी में दबा दें : प्रीति

■ कहा, पर्यावरण स्वच्छ रहेगा और भूमि की उर्वरा शक्ति भी मजबूत होगी

■ अवशेष जलाने से पोषक तत्वों का नुकसान होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में गेहूं की फसल की कटाई जोरों पर चल रही है। अधिकांश किसान गेहूं की फसल को मजदूरों की कमी में कंबाइन से कटवाकर उसे समेटने में लगे हैं। ऐसे में उपायुक्त प्रीति ने जिले के किसानों को सचेत करते हुए फसल के अवशेष नहीं जलाने के लिए आहवान किया है।



किसानों को गेहूं के अवशेष न जलाने के लिए आह्वान करतीं उपायुक्त प्रीति।

उपायुक्त प्रीति ने किसानों को आहवान किया कि वह फसल के अवशेषों को जलाने की बजाए उन्हें खेत की मिट्टी में मिला दें। ताकि पर्यावरण स्वच्छ रह सके और भूमि की उर्वरा शक्ति मजबूत हो सके।

**अवशेष जलाने पर है पूर्ण प्रतिबंध :** उपायुक्त प्रीति ने बताया कि फसल अवशेषों को जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। रबी की फसल के दौरान अक्सर किसानों द्वारा गेहूं की फसल कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों में आग लगा दी जाती है और फसल अवशेष जलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति के साथ साथ पोषक तत्वों का नुकसान होता है। उन्होंने बताया कि अवशेषों में आग लगाने से जैविक पदार्थ नष्ट हो जाते हैं और किसान के मित्र कीटों का नुकसान होता है। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि फसल अवशेषों के साथ यूरिया खाद मिलाने से अच्छी जैविक खाद मिलती है। भूमि की उर्वरा शक्ति व जैविक कार्बन में बढ़ोतरी होती है।

### फसल के अवशेष जलाने से बढ़ता है प्रदूषण

उपायुक्त प्रीति ने बताया कि फसल अवशेषों को जलाने से होने वाले प्रदूषण से मनुष्य के स्वास्थ्य, संपत्ति की हानि, तनाव, क्रोध तथा जीवन को बाहरी खतरे की संभावना रहती है। जबकि इन अवशेषों से पशुओं के लिए तूड़ा बनाया जा सकता है। इसके जलाने से चारे की भी कमी हो जाती है। उन्होंने बताया कि सरकार के आदेशों की अवहेलना में यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है। तो उस व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।



## जिलेभर में धूमधाम से मनाई भारत रत्न एवं संविधान निर्माता की जयंती

# डॉ. आंबेडकर ने समाज में कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाकर नागरिकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला कांग्रेस कार्यालय में आज भारत रत्न, संविधान निमार्ता एवं महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष मेवा सिंह की अगुवाई में किया गया, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं उनके विचारों को याद करते हुए की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मेवा सिंह ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष, समानता और न्याय का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारी के साथ उपयोग करें और पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं।

इस अवसर पर प्रदेश सोशल मीडिया समन्वयक विशाल राणा, प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा, जिला कांग्रेस महासचिव पवन चौधरी, विवेक भारद्वाज डब्बू, कोषाध्यक्ष संजीव सैनी भूखड़ी, रवि देशवाल, निर्मल सिंह, अमन सिंह, रणबीर सिंह, रघबीर संधू, बलजीत सिंह, सतीश शर्मा, जाफर खान पीपली, अमर सिंह, अमित शर्मा, जगत सैनी, लाड़ी, मनोज शर्मा, मीना शर्मा, के इलावा कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## डा. आंबेडकर 20वीं शताब्दी के श्रेष्ठ चिन्तकों में से एकः सचदेवा

**कुलगुरु ने दी शुभकामनाएं**

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रांगण में स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर मंगलवार को अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने सभी को आंबेडकर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर 20वीं शताब्दी के महानतम चिंतकों में से एक थे। वे एक ओजस्वी लेखक, प्रभावशाली वक्ता और दूरदर्शी समाज सुधारक थे। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों और असमानताओं के खिलाफ आवाज उठाकर लोगों को जागरूक एवं संगठित किया। उन्होंने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने महात्मा बुद्ध, कबीर, संत रविदास और महात्मा ज्योतिबा फुले की समतावादी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समाज में समानता, न्याय और बंधुत्व के मूल्यों को स्थापित करने का कार्य किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, प्रो. डी.एस. राणा, प्रो. फकीरचंद, प्रो. कुसुम लता, प्रो. प्रीति जैन, प्रो. रीटा, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. सुरेश कुमार, कुटा प्रधान डॉ. जितेन्द्र खटकड़, मुख्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. आनंद कुमार, डॉ. महाबीर रंगा, डॉ. प्रीतम सिंह, प्रो. वनीता ढींगरा, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, उप-निदेशक डॉ. सलोनी पी. दिवान, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उप-निदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. रमेश सिरोही, डॉ. नीरज बातिश, डॉ. पूजा, वकील रंगा सहित शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## आईटीआई में बाबा साहेब को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले की राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सेक्टर -30 कुरुक्षेत्र में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के उप-प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने डॉ. भीम राव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्थान के विभिन्न ट्रेडों के विद्यार्थियों ने भी इस कार्यक्रम मे बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर राकेश कुमार ने अपने संबोधन में डॉ. आंबेडकर के जीवन, उनके संघर्ष और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया।



### विद्यार्थियो ने सांस्कृतक गतिविधियों में दिखाई प्रतिभा

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा भाषण, कविता एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और भी प्रेरणादायक बन गया। अंत में सभी ने डॉ. अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया व संस्थान के बाहर तिरंगो के साथ एक पद यात्रा भी निकाली। इस मौके पर कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राकेश कुमार के साथ सुरेन्दर शर्मा कार्यवाहक वर्ग अनुदेशक, जगबीर सिंह, सुमित आहूजा, संजीव वत्स, रचना राणा, मनीषा व रोबिन आदि अन्य स्टाफ सदस्य मुख रूप से मौजूद रहे।

## डॉ. आंबेडकर के राष्ट्र निर्माण में योगदान को किया नमन



कुरुक्षेत्र। विश्वकर्मा मंदिर एवं धर्मशाला में भारतीय इतिहास संकलन समिति, कुरुक्षेत्र इकाई द्वारा के अवसर पर एक प्रभावशाली विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अनुराग (प्राध्यापक, गुरु नानक देव खालसा महाविद्यालय, यमुनानगर) ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. धीरज कौशिक (सहायक प्राध्यापक, भगवान परशुराम महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र) ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता डॉ. कौशिक ने के राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी समाज को एकजुट रखने का संदेश दिया। डॉ. अनुराग ने आंबेडकर को बहुआयामी व्यक्तित्व बताते हुए उन्हें समाज सुधारक, विधिवेत्ता और प्रख्यात अर्थशास्त्री बताया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कौशिक ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष सुंदर लाल ने किया। इस अवसर पर कुलदीप चंद, धर्मपाल शास्त्री, योगेश शर्मा, अजमेर चंद, परमवीर सिंह, राहुल रिचा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## गांव ठसका मीरी में नवनिर्मित आंबेडकर भवन का उद्घाटन

### भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

गांव ठसका मीरा में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर जिला परिषद कुरुक्षेत्र द्वारा नवनिर्मित आंबेडकर भवन का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर के पहुंचने पर ग्राम वासियों, गांव की सरपंच मीना



कुमारी, जिला पार्षद सरदार अमरीक सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा ने फूलमालाओं के साथ भव्य एवं जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया ' बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

### शिक्षा प्राप्त कर देश को दिया संविधान

*इस अवसर पर जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि बाबा साहेब ने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा प्राप्त कर देश को एक मजबूत संविधान दिया और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सम्मान व अधिकार दिलाने का कार्य किया। इस अवसर पर जिला पार्षद सरदार अमरीक सिंह, ब्लॉक समिति सदस्य सरदार बलदेव सिंह, गांव की सरपंच मीना कुमारी, सरदार लखविंदर सिंह सहित गांव के अन्य गणमान्य व्यक्ति व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।*

## केयू में डॉ. साहेब के जीवन तथा उनके योगदान पर डाला प्रकाश



कुरुक्षेत्र। देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से ग्रामीण आंचल की कन्याओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से गतिमान जयराम महिला बीएड कालेज में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ एजुकेशन के एमएड के छात्र छात्राओं द्वारा बैसाखी एवं अम्बेडकर जयंती के अवसर पर बीएड की छात्राओं के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक मूल्यों एवं महान व्यक्तियों के प्रति सम्मान की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम में बैसाखी के महत्व एवं डा. भीमराव आंबेडकर के जीवन तथा उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, भाषण एवं सामूहिक चर्चा भी आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों में आत्मविश्वास तथा अभिव्यक्ति कौशल देखने को मिला। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. प्रतिभा श्योकंद ने शिक्षकों तथा विद्यार्थियों की प्रतिभागिता के लिए सराहना की।



## बाबा साहेब एक उच्च कोटि के विद्वान थे : सुदेश

कुरुक्षेत्र। डॉ भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर उनकी याद में जन संघर्ष मंच हरियाणा की ओर से कल्याण नगर कुरुक्षेत्र में एक सभा व प्रदर्शन का आयोजन किया गया। मंच की प्रांतीय महासचिव सुदेश कुमारी, वरिष्ठ नेता चन्द्र रेखा, ऊषा कुमारी, छात्र नेता कविता विद्रोही, पूजा ने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डा. भीमराव आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 में हुआ था। आंबेडकर जी बहुत प्रतिभाशाली व एक उच्च कोटि के विद्वान थे। उन्होंने लंदन,अमेरिका जाकर उच्च स्तरीय पढ़ाई की। उन्होंने महिलाओं, मजदूरों, छात्रों ,युवाओं.बहुजनों का आह्वान किया कि डा. भीमराव अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम आज सरकार के संविधान विरोधी काले कारनामों के खिलाफ चल रहे संघर्षों को भी अपना पूरा समर्थन देने के लिए बढ़-चढ़कर आगे आएं और शहीद ए आजम भगत सिंह के समाजवादी समाज की स्थापना के लिए संगठित होकर संघर्ष करें।



## डॉ. आंबेडकर का जीवन समाज के लिए मार्गदर्शन : गुप्ता

कुरुक्षेत्र। भारत रत्न डॉ भीम राव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का संघर्ष केवल एक वर्ग के लिए नहीं था, बल्कि पूरे समाज को न्याय और समानता दिलाने के लिए था। उन्होंने जो संविधान दिया, वह आज भी हर कमजोर, पीड़ित और आम व्यक्ति की सबसे बड़ी ढाल है। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा आज भी समाज में अन्याय इसलिए होता है क्योंकि आम आदमी अपने अधिकारों को जानता नहीं, और जब तक अधिकारों की समझ नहीं होगी, तब तक समानता केवल एक शब्द बनकर रह जाएगी। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा और कानून की जानकारी को अपनी ताकत बनाएं और समाज में हो रहे अन्याय के खिलाफ खड़े हों। उन्होंने कहा कि वे लगातार समाज में जागरूकता फैलाने और जरूरतमंदों को न्याय दिलाने के लिए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि आज के समाज के लिए मार्गदर्शन है।

# लखविन्द्र वडाली ने भरी सुफीयाना रंगीन शाम

- केडीबी मेला ग्राउंड में दो दिवसीय महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्रसिद्ध लोक कलाकार लखविन्द्र वडाली ने बैसाखी महोत्सव 2026 की पहली सांस्कृतिक संध्या में अपनी सुरीली आवाज से ब्रह्मसरोवर की फिजा में सुफीयाना रंग भर दिया। इस सांस्कृतिक संध्या की शुरूआत कलाकार लखविन्द्र वडाली ने भक्ति रस से भरे गीत से की और इसके उपरांत अपनी सुरीली आवाज से एक से एक सूफिया गीतों की प्रस्तुति देकर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। केडीबी मेला ग्राउंड में कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा एवं जिला प्रशासन के तत्वाधान में कुरुक्षेत्र में हो रहे पहली



बार दो दिवसीय बैसाखी महोत्सव 2026 में सोमवार देर सायं प्रसिद्ध लोक कलाकार लखविन्द्र वडाली के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में पहुंचने पर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, ओएसडी डा. प्रभलीन सिंह, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी ने प्रसिद्ध लोक कलाकार लखविन्द्र वडाली का स्वागत किया और शॉल देकर सम्मानित किया। इसके बाद प्रसिद्घ गायक लखविन्द्र वडाली ने एक से बढकर एक गीतों की प्रस्तुति देकर बैसाखी महोत्सव 2026 की सांस्कृतिक संध्या को यादगार बनाने का काम किया। कलाकार लखविन्द्र वडाली ने सांसों की माला, नी में कमली यार दी कमली,तू माने या ना माने,जुगनी,मस्त नजरों से, कल की बात,नजारा,सजदा, तेरा की लगदा,साहेबा, सोहनी कंदे ते,गुलाबी,रंग चढ़ेया, रब्ब मनेया (नीति मोहन के साथ), आदि गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को अपने मोहपाश में बांध दिया।

## आंबेडकर जयंती पर निकाली बाइक यात्रा

कुरुक्षेत्र। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी जयंती के उपलक्ष्य में वाल्मीकि आंबेडकर शिक्षा मिशन हरियाणा की ओर से मोटरसाइकिल यात्रा निकाली गई। यात्रा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय थर्ड गेट से चल कर बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जी के चौंक तक गई। यात्रा की अध्यक्षता वाल्मीकि अम्बेडकर शिक्षा मिशन हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सुभाष पारचा ने की और यात्रा को वाल्मीकि अम्बेडकर एम्पलाइज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुभाष कागड़ा और डॉ राजबीर कौल महासचिव ने झंडी दिखाकर रवाना किया। मोटरसाइकिल यात्रा में बलराम ठेकेदार राजेश पुहाल, मिजार्पुर,रोबी राणा,अमन कुमार दुग्गल, डॉ बाल ऋषि कागड़ा, डॉ राम जुआरी, सुनील चॉद आदि शामिल रहे।

# जलियांवाला बाग हत्याकांड में शहीदों को श्रद्धासुमन किए अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्रीजयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से गतिमान श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम सैनिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में जलियांवाला बाग हत्याकांड के शहीदों को याद किया गया। साथ ही बैसाखी के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर हर्ष बाबरे एवं अभिनव ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को बैसाखी के महत्व तथा जलियांवाला बाग की ऐतिहासिक घटना से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सैनिक स्कूल के विद्यार्थियों को एक प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि हमें अपने इतिहास से सीख लेकर देशभक्ति, एकता और मानवता के मूल्यों को जीवन में अपनाना चाहिए।



## केयूके स्टार ने 7 विकेट से जीता मैच अजय यादव बने मैन ऑफ द मैच

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के प्रांगण में मंगलवार को केयू गैर-शिक्षक कर्मचारी के 5वें टी-20 प्रतियोगिता के अनौपचारिक लीग मैच में केयूके स्टार ने शिव योद्धा के विरूद्ध 7 विकेट से मैच जीता। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी शिव योद्धा की टीम ने 20 ओवर में 144 रन बनाए। केयूके स्टार की ओर से अजय यादव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 12 रन देकर 3 अहम विकेट झटके। वहीं कपिल थापा ने 2 तथा दीपक थापा ने 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केयूके स्टार की ओर से ओपनर बल्लेबाज आमिर खान ने शानदार पारी खेलते हुए 53 गेंदों में 73 रनों की नाबाद पारी खेली जिसमें 10 चौके व 1 छक्का शामिल रहा। अजय यादव ने दूसरे छोर पर पारी संभालते हुए 35 रन बनाए। उनकी पारी में 3 चौके व 1 छक्का शामिल रहा। अच्छी गेंदबाजी एवं बल्लेबाजी के चलते अजय यादव को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला। मैच में अम्पायर की भूमिका में हर्ष एवं ललित कुमार ने निभाई।

### 12 वर्षों में पहली बार आया महासंयोग, 100 गुना अधिक पुण्य और समृद्धि का संकेत

शुभ मुहूर्त में विवाह और नए व्यवसाय की शुरुआत के लिए दिन अत्यंत लाभकारी

# अक्षय तृतीया पर 20 अप्रैल को सर्वार्थसिद्धि योग का महासंयोग, अबूझ मुहूर्त में गूंजेगी शहनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अक्षय तृतीया पर 20 अप्रैल को सर्वार्थसिद्धि योग का महासंयोग रहेगा। अबूझ मुहूर्त में शहनाई की गूंज सुनाई देगी। विवाह समारोह में नवयुगल परिणय सूत्र में बंधेंगे। प्रतिष्ठान के शुभारंभ, नया व्यापार व्यवसाय शुरू करने तथा गृह प्रवेश आदि मांगलिक कार्यों के लिए भी यह दिन श्रेष्ठ है। शहर में अनेक स्थानों पर सामूहिक विवाह के आयोजन भी होंगे। हर साल आने वाली अक्षय तृतीया इस बार सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि बड़े बदलाव का संकेत मानी जा रही है. ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार 2026 में ऐसा दुर्लभ संयोग बन रहा है, जो कई लोगों के लिए आर्थिक और करियर ग्रोथ का मौका ला सकता है। निर्णय सिंधु ग्रंथ के अनुसार रोहिणी नक्षत्र



सोमवार और वैशाख की तृतीया तिथि बहुत ही दुर्लभ माना जाता हैं। अबकी बार यह योग 20 अप्रैल सोमवार को पड़ रहा हैं। तृतीय तिथि 19 अप्रैल रविवार को सुबह 10:49 से शुरू होकर 20 अप्रैल की सुबह 07:27 तक रहेगी। उदय तिथि में होने के कारण अक्षय तृतीय इसी दिन शास्त्र सम्मत होंगी और 19 अप्रैल को सांय काल में तृतीया होने के कारण भगवान परशुरामजी का जन्मोत्सव मनाया जाएगा क्योंकि शास्त्रों के अनुसार भगवान परशुरामजी का जन्म तृतीय तिथि को सांयकाल में हुआ था। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र के संचालक डॉ रामराज कौशिक ने बताया कि वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया को अक्षय तृतीया कहा जाता है।

### वर्षों बाद अक्षय तृतीया पर संयोग

*अक्षय तृतीय परकई साल साल बाद अद्भुत संयोग बन रहे हैं, जिसमें गजकेसरी, त्रिपुष्कर, रवि, मालव्य और शश योग शामिल हैं। यह अबूझ मुहूर्त है, इसलिए इसमें किया गया सोना-चांदी, वाहन, या घर की खरीदारी और दान-पुण्य का फल अक्षय (स्थायी) होता है।*

### दान और पुण्य का भी विशेष महत्व

*अक्षय तृतीया को परम पवित्र माना जाता है क्योंकि इस दिन किसी मुहूर्त याकाल की आवश्यकता नहीं है फिर भी यदि शुभ चौघड़िया एवं शुभ मुहूर्त में किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत किया जाए तो उसका परिणाम अक्षय प्राप्त होता है। साथ ही साथ दान पुण्य का भी इस दिन विशेष महत्व माना जाता है। इस अक्षय तृतीया पर महा-संयोग 12 वर्षों बाद आया है, जो 100 गुना अधिक पुण्य फल और समृद्धि का कारक माना जाता है। इस दिन सोना, चांदी, नई संपत्ति खरीदना और दान-पुण्य करना अत्यंत फलदायी हैं।*

## खबर संक्षेप

### आज सुनी जाएंगी बिजली संबंधी शिकायतें

**अंबाला।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में बुधवार प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे। कोई भी उपभोक्ता अपनी बिजली से संबंधित शिकायत यहां रख सकता है। मौके पर ही उसका समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को

**अंबाला।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई 2026 को किया जायेगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने बताया की लोगों के लंबित मामलों का निपटारा करने के लिए समय-समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है। इस कड़ी में आगामी 9 मई 2026 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में बैवाहिक, परिवारिक विवाद, पराधिक मामले, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले व पेंशन मामलों का निपटारा किया जाएगा।

### पहले चरण में बनेगी घरों की सूची : डीसी

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने आगामी जनगणना-2027 के प्रथम चरण यानि मकानसूचीकरण कार्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनगणना के इसी प्रथम चरण के दौरान ही प्रगणक मोबाइल एप के माध्यम से हर परिवार से उसे मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। साथ ही इस बार पहली बार जनगणना के लिए स्वगणना का माध्यम भी चुना गया है। यह एक विशेष अवसर है व्यापारी वर्ग अथवा ऐसे वर्ग के लोगों के लिए जो अपने काम काज में ईधर-उधर जाते आते रहते हैं। जिनके पास समय का अति-अभाव रहता है।

### बिजली तार चोरी करने के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना बराड़ा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पृथ्वी पुरम कॉलोनी से निर्माणाधीन मकान की बिजली फिटिंग से तारें निकाल कर चोरी करने के मामले में आरोपी को काबू किया है।शिकायतकर्ता विकास ने 12 अप्रैल 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 अप्रैल 2026 को आरोपी ने उसकेनिर्माणधीन मकान से बिजली की तारें चोरी की हैं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को काबू कर उससे चोरीशुदा तार बरामद की है। आरोपी की पहचान कुलविंद्र सिंह के रूप में हुई है।

### कार की टक्कर से महिला की मौत

**अंबाला।** साहा थाने के सामने एक कार का कहर देखने को मिला। अनियंत्रित कार ने सड़क पार कर रही महिला को टक्कर मार दी और चालक वाहन समेत मौके से भाग गया। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान पसियाला गांव की 33 वर्षीय देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि महिला थाना क्षेत्र के पास से गुजर रही थी।

---

**बैसाखी उत्सव:** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम

# संस्कृति- ज्ञान के मनमोहक संगम के साथ बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुतियां





अंबाला। कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियां देते छात्र। फोटोः हरिभूमि

**बैसाखी के महत्व को सरल और सुंदर शब्दों में समझाया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जगाधरी गेट में बैसाखी पर्व इस वर्ष बड़े ही उत्साह, उमंग और पारंपरिक रंगों के साथ मनाया गया। पूरा विद्यालय परिसर जैसे खुशियों और संस्कृति के रंगों में रंगा हुआ नजर आया, जहाँ विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए कार्यक्रम को यादगार बना दिया।कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 10वीं की छात्रा यास्मिन के प्रभावशाली वक्तव्य से हुई। उन्होंने बैसाखी के महत्व को सरल और सुंदर शब्दों में समझाया। इसके बाद भव्य वर्मा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन और उनके महान योगदान पर प्रकाश डालते हुए सभी को प्रेरित किया। मंच पर पंच प्यारों की सजीव झांकी ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। गुरु गोबिंद सिंह द्वारा खालसा पंथ की स्थापना को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। वहीं कक्षा 10 की परनीता ने जलियांवाला बाग के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर सभी को भावुक कर दिया। कक्षा चार की अमृत द्वारा किए गए मंच संचालन में सभी का मन जीत लिया। कार्यक्रम का एक रोचक आकर्षण रही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जिसका संचालन हेरीटेज क्लब ने बड़े ही जीवंत और आकर्षक ढंग से किया। बैसाखी, जलियांवाला बाग और डॉ. अंबेडकर से जुड़े प्रश्नों में कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**विद्यार्थियों को सम्मानित किया**

इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमन सूरी ने विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए उपहार स्वरूप पेन भेंट कर सम्मानित किया। जिससे बच्चों का उत्साह और भी बढ़ गया। हेरीटेज क्लब के तत्वावधान में प्रस्तुत गिद्धा और भंगड़ा ने पूरे वातावरण को उल्लास से भर दिया। इन प्रस्तुतियों को विद्यालय के संगीत विभाग के मार्गदर्शन में सुकृति और मनजीत द्वारा तैयार कराया गया। क्लब की इंचार्ज श्रीमती हरजीत कौर एवं पूनम बरेजा ने विद्यार्थियों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। साथ ही कक्षा 7 तक के विद्यार्थियों के लिए हाथ से चलने वाले पंखे बनाने की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

**बाबा साहेब डॉ. भीमराव को किया याद**



**मुलाना।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर विधायक पूजा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ दोसडका स्थित अंबेडकर चौक पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर विधायक पूजा ने बाबा साहेब के जीवन एवं उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1892 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। वे स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री और भारतीय संविधान के शिल्पकार के रूप में विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए अपना संपूर्ण जीवन देश और समाज की सेवा में समर्पित किया। वे एक महान विद्वान, समाज सुधारक और सच्चे देशभक्त थे।

---



शहजादपुर। रक्तदाताओं को सम्मानित करते आयोजक। फोटोः हरिभूमि

**रक्तदाताओं को बैज लगा किया सम्मानित**

# बाबा साहेब की जयंती पर 65 ने किया रक्तदान

- शहजादपुर माजरा में आयोजित किया भव्य कार्यक्रम व रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर सभा माजरा,श्री गुरु रविदास सभा शहजादपुर एवं सेवा हमारा सौभाग्य फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 72 लोगों ने पंजीकरण करवाया जिनमें से 65 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। शिविर का शुभारंभ ब्लॉक समिति चेयरपर्सन प्रतिनिधि सतीश कुमार एवं बीडीसी सदस्य मनीषा गुप्ता द्वारा रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया गया। इस अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि दी गई। शिविर में शहजादपुर के गुलशन वर्मा ने 35वीं बार , मास्टर संजीव कुमार ने 31वी बार रक्तदान कर सभी को प्रेरित किया। सभी रक्तदाताओं को डॉ. भीमराव अंबेडकर सभा माजरा की ओर से स्मृति चिह्न तथा फिलाडेल्फिया अस्पताल अंबाला शहर की ओर से प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर सतीश कुमार ने कहा कि "रक्तदान महादान है इससे कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। सभा के सदस्य रविंद्र मोहन ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव गुप्ता ने बताया कि एक यूनिट रक्त से तीन जिंदगियां बचाई जा सकती हैं इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर हेमंत, रविंद्र मोहन, संजीव, चरणजीत, सेवदास, मंगल, दीपु, हर्ष, सुखजिंदर, हिमांशु, वरुण शर्मा , विशाल शर्मा, बिमल प्रकाश, आर्यन , बलबीर, जोगिंदर लाल, करम चंद, सुखदेव सिंह, दीपक सैनी उपस्थित रहे।

---

# राज्य निर्वाचन आयोग को भेजा पत्र

- तीन साल से जिले में तैनात दो एचसीएस अधिकारियों को चुनावी ड्यूटी से दूर रखे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

नगर निगम चुनाव को लेकर बिगुल बज चुका है। आगामी 21 से 25 अप्रैल तक चलेगी इसके बाद 10 मई को मतदान और 13 मई को मतगणना होगी। चुनावों की घोषणा के साथ ही शहर भर में सियासी माहौल गरमा गया है। इसी बीच सेक्टर 7 के रहने वाले पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट और चुनावी मामलों के जानकार हेमंत कुमार ने हरियाणा राज्य निर्वाचन आयुक्त देविंदर सिंह कल्याण को लेटर लिखकर अंबाला शहर में गत साढ़े तीन वर्षो से उप मंडल अधिकारी (नागरिक) एसडीओ (सिविल) अर्थात उपमंडलाधीश के तौर पर निरंतर तैनात दर्शन कुमार को निगम चुनाव में किसी भी प्रकार की चुनावी ड्यूटी ने देने को लेकर डिप्टी कमिश्नर कम जिला निर्वाचन अधिकारी अजय सिंह तोमर को निर्देश जारी करने का आग्रह किया। इसी तरह हेमंत ने 2022 से यहां तैनात जिला परिवहन अधिकारी (डीटीओ) कम सचिव आरटीएके पद पर लगातार तैनात 2016 बैच के एचसीएस अधिकारी सुशील कुमार- 3, को भी निगम चुनाव में किसी भी प्रकार की चुनावी ड्यूटी न देने की बात कही गई है। उनहोंने मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव, विभाग के निदेशक, मंडल के आयुक्त को भी मामले से अवगत करवाया है।

**तबादला कर दिया जाए**

हेमंत ने भेजे पत्र में उल्लेख किया है कि भारतीय चुनाव आयोग द्वारा जब-जब देश में लोक सभा और राज्यों में विधान सभा चुनाव चुनाव करवाए जाने होते हैं उससे कुछ माह पूर्व आयोग द्वारा राज्यों के मुख्य सचिव को स्पष्ट हिदायतें जारी कर निर्देश दिया जाता है कि चुनावों से संबंधित ऐसे अधिकारियों का तुरंत उस जिले से बाहर तबादला कर दिया जाए जो या तो अपने गृह-जिले में तैनात है अथवा उन्हें किसी पद पर तैनात हुए उस जिले में निरंतर तीन वर्ष का समय हो चुका है।

---

# साहित्यकारों ने रचनाओं की प्रस्तुति से बांधा समां

- कवयित्री व गायिका सीमा सागर द्वारा संग्रहित संस्मरण पुस्तक ₹उसने कुछ मुझसे कहा₹ का विमोचन 18 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



अंबाला। कार्यक्रम में कविता पाठ करती कवियित्री।

साहित्य के सृजन को प्रोत्साहित करने वाले संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह के साहित्यिक मंच अक्षरम का गठन किया । कैंट प्रभारी राकेश आहूजा ने बताया कि समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में सांय सरहिंद क्लब में पहली काव्य गोष्ठी 'अभिव्यक्ति के रंग' आयोजित की गई जिसकी मेजबानी कवयित्री व गायिका सीमा सागर ने की। कार्यक्रम में साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं की प्रस्तुति से समां बांधा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध गायक व संगीतकार विनोद सहगल ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्ज्वलित करके किया जबकि शायर नफ़्स अंबालवी विशिष्ट अतिथि रहे। इसके बाद साहित्यकारों का परिचय कराया । साहित्यिक मंच अक्षरम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए चंद्रमौलि गौड़ ने कहा कि यह साहित्यिक मंच लेखकों,कवियों और पाठकों को जोड़ने में बहुत उपयोगी सिद्ध होगा। जिसमें विचारों के आदान-प्रदान,नई प्रतिभाओं को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक संवाद को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका होगी।

**बस तिरे होने का गुमां बाकी है...**

काव्य गोष्ठी 'अभिव्यक्ति के रंग' में मुख्यातिथि विनोद सहगल की रचना ₹चेहरे पर कुछ लिखा हुआ है देखो तो...,नफ़्स अंबालवी की नज़्म ₹अब न मैं हूं न मिरा ग़म है,ज़िंदगी! बस तिरे होने का गुमां बाकी है₹...,राकेश आहूजा द्वारा सुनाया गया गीत ₹दिल आज शायर है ग़म आज नगमा है₹...और सीमा सागर व सुजाता सहाय की सुनाई गई कविता ₹पर्वतों के दामन में पर्वती ढलानों पर₹...काफी सराही गई। इसके अलावा अन्य कवियों ने भी कविता पाठ किया।

---

# रंजिश को लेकर युवक पर धारदार हथियार से हमला

**पीड़ित के ब्यान पर पुलिस ने दर्ज किया केस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर

वार्ड नंबर 12 निवासी एक युवक पर रंजिश के चलते धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार यहां के रहने वाले अमनदीप सिंह जो कार सेल-परचेज का काम करते हैं ने पुलिस को बताया कि 13 अप्रैल 2026 की सुबह उनके दोस्त अंशुल का फोन आया। अंशुल ने बताया कि वह खाटू श्याम से वापस लौट रहा था। बस में उसकी कुशांत नाम के युवक के साथ बहस हो गई है। अंशुल ने अमनदीप को मामले को सुलझाने के लिए शहजादपुर के गोगा मेडी बुलाया। सुबह करीब साढ़े पांच बजे के करीब जब अमनदीप वहां पहुंचा तो उसने कुशांत को समझाने की कोशिश की कि उनकी कोई पुरानी रंजिश नहीं है और वे झगड़ा खत्म करें। आरोप है कि समझाने के दौरान कुशांत गाली-गलौज करने लगा। जैसे ही अमनदीप वहां से जाने लगा कुशांत ने उसका रास्ता रोक लिया और किसी तेजधार वस्तु से अमनदीप की दाहिनी कोहनी पर हमला कर दिया।

---

# युवराज ने पाया अव्वल स्थान

- ऑन-द-स्पॉट पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल के युवराज मथारू की शानदार उपलब्धि का बड़े गर्व के साथ जश्न मनाया । उन्होंने रेवाड़ी में आयोजित राज्य-स्तरीय 'ऑन-द-स्पॉट पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता' में दूसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश सरकार की 'हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद' द्वारा किया गया था। यह उपलब्धि युवराज की रचनात्मकता, समर्पण और कलात्मक उत्कृष्टता का एक जीता-जागता प्रमाण है।



अंबाला। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते स्कूली छात्र। फोटोः हरिभूमि

**निरंतर सफलता की कामना की**

यह स्कूल द्वारा दिए गए निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन को भी दर्शाता है। पिछले 10 वर्षों से स्कूल के छात्र पेंटिंग प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर लगातार शीर्ष स्थान हासिल करते आ रहे हैं। प्रबंधक समिति के सदस्यों अध्यक्ष रजत जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, प्रबंधक रितेश जैन, कोषाध्यक्ष सुनील जैन, प्रबंध समिति के सलाहकार रविकांत जैन और प्राचार्या डॉ. रेनू गहलावत ने संस्थान का नाम रोशन करने के लिए युवराज को हार्दिक बधाई दी और उनके भविष्य के सभी प्रयासों में निरंतर सफलता की कामना की।

---

# यादों की बारात म्यूजिकल कंसर्ट में आशा भोसले को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ चण्डीगढ़



टैगोर में आयोजित यादों की बारात म्यूजिकल कंसर्ट में मुख्य अतिथि सेलेब्रटी अर्जुन फिरोज खान ने प्रख्यात गायिका आशा भोसले की स्मृति में कार्यक्रम की शुरुआत में दर्शकों के साथ दो मिनट का मौन रखा। कार्यक्रम में ट्राईसिटी के बेहतरीन गायक कलाकारों, जिनमें दुपांशु नैंसी, तरुणदीप, अनन्या, नन्द किशोर, नीना भाटिया, राहुल सोनी व आयोजनकर्ता परम चंदेल, ज्योति कंसल, आदर्श गोयल व प्रेम सागर गुप्ता भी शामिल हैं, ने हिन्दी फिल्मों के पुराने गीतों का जादू जगाया। अर्जुन फिरोज खान ने सलामत रहे दोस्ताना, यादों की बारात और क्या तेरा वायदा आदि एक से एक बेहतरीन गाने सुनाए। जेवीएएम म्यूजिकल ग्रुप एवं एआर ग्रुप द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत पीएस गुप्ता द्वारा ये रात भीगी-भीगी, आदर्श गोयल ने रिमझिम गिरे सावन, परम चंदेल और फिरोज खान की जोड़ी ने बने चाहे दुश्मन जमाना, राहुल सोनी "अभी ना जाओ छोड़ कर, नंदकिशोर ने पापा कहते हैं, पूनम डोगरा ने मोरनी बागा मा बोले, नीना-पंकज की जोड़ी ने तेरी मेरी दोस्ती प्यार में बदल गई से कार्यक्रम को खास बनाया।

---

# व्हाट्सएप पर वारंट भेज कर डिजिटल अरेस्ट करने के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** पुलिस ने अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान साइबर पुलिस की टीम ने नकली एटीएस का इंस्पेक्टर बनकर झूठे मुकदमें का भय दिखाकर व्हटसएप्प पर नकली गिरफ्तारी वारंट तथा संपति जब्ती आदेश भेजकर 15 लाख रूपयों की ठगी करने के मामले में संलिप्त बैंक खाता धारक को काबू किया है। आरोपी की पहचान अनुपम के तौर पर हुई जोकि जोधपुर राजस्थान का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस जांच में आरोपी का बैंक खाता इस्तेमाल हुआ है जिसमें 15 लाख रूपये जाने पाए गए है।साइबर पुलिस निरीक्षक राजबीर ने बताया कि पीड़ति महिला ने 27 फरवरी 2026 को शिकायत में बताया था कि 17 फरवरी 2026 से 24 फरवरी 2026 के बीच आरोपियों ने नकली एटीएस का इंस्पेक्टर बनकर झूठे मुकदमें का भय दिखाकर व्हटसएप्प पर नकली गिरफ्तारी वारंट तथा सम्पति जब्ती आदेश भेजकर डिजिटल अरैस्ट करके उससे 15 लाख रूपयों की ठगी की है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

**जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक संघ की टीम को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित**

# सरकारी विद्यालयों में दाखिले के लिए घर-घर प्रचार कर वापस लौटा दाखिला अभियान रथ

स्कूलों में छात्रों की संख्यां में बेहतर इजाफा होने की जताई संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा संचालित ' दाखिला अभियान रथ ' पूरे जिले की यात्रा पूरी करके कोर्ट रोड स्थित शिक्षा सदन में पहुंच गया है। सुबह राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल, घेल कलां में स्कूल इंचार्ज दिनेश कुमार , एबीआरसी रमनदीप व स्टाफ सदस्यों प्रेम सिंह, जसवंत सिंह ने दाखिला अभियान रथ व टीम का भव्य स्वागत किया और गांव में डोर टू डोर प्रचार अभियान चलाया ,इसके उपरांत यह रथ राजकीय प्राथमिक पाठशाला कालू माजरा पहुंचा ,जहां संगठन के उपमहासचिव पंकज गर्ग व सपना और स्टाफ सदस्यों ने टीम व नए दाखिल बच्चों का तिलक लगाकर फूलमालाओं से स्वागत किया। महासचिव प्रकाश गिल ने बताया कि यह रथ 6 अप्रैल को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सौंडा से जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति सभरवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था ।राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ की टीम जिले के सभी छह खंडों में सरकारी स्कूलों में दाखिला के लिए प्रचार करने पहुंची जिसका विभिन्न स्कूलों व विभिन्न गांव में भव्य स्वागत हुआ और सकारात्मक सहयोग मिला । जब यात्रा पूरी कर ' दाखिला अभियान रथ' शाम के समय शिक्षा सदन पहुंचा तो जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ज्योति सभरवाल ने महासचिव प्रकाश चंद्र गिल के नेतृत्व में अभियान में सक्रिय पूरी टीम को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। टीम द्वारा किए गए कार्य की बहुत प्रशंसा की । जिला प्रवक्ता कृष्ण पुनिया ने बताया कि संगठन भविष्य में भी शिक्षा ,छात्र व शिक्षक हित में काम करता रहेगा और वर्तमान में चलाए गए अभियान का सकारात्मक परिणाम सरकारी स्कूलों में दाखिला वृद्धि के रूप में देखने को मिलेगा।



अंबाला। दाखिला रथ अभियान की टीम को सम्मानित करती मौलिक शिक्षा अधिकारी।

**बेहतर परिणाम मिलेंगे: मदनलाल**

संगठन प्रधान मदनलाल ने बताया कि हमारी टीम ने हर खंड में डोर टू डोर दाखिला अभियान चलाने में अथक परिश्रम किया है । इसके बेहतर परिणाम मिलेंगे। इस तरह के प्रयासों से ही सरकारी स्कूलों में घट रही छात्र संख्या को रोका जा सकता है। इस अवसर पर सतीश राणा, विनय रोहिला,नीलम छाबड़ा,रजनी शर्मा, सीमा,मंजुला भी मौजूद रहे।